डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 214 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 20 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया




## ऑनलाइन रहेगी पुलिस...

## टेबलेट थाम कर चलेंगे हवलदार-दरोगा, डिजिटल होगी केस डायरी

**भोपाल/मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस के कामकाज को डिजिटल करने का प्लान अब कारगर होता दिख रहा है। यह योजना कई साल पहले बनी थी कि हवलदार, दरोगा अब कागजों पर विवेचना का लेखा जोखा नहीं करेंगे। बल्कि टेबलेट पर अपराधों का ब्यौरा दर्ज कराएंगे। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से जिला स्तर पर थानों में टेबलेट भी भेजे गए। लेकिन, इनका इस्तेमाल नहीं किया गया। अब डीजीपी कैलाश मकवाना ने डिजिटल विवेचना के बारे में पूछा है तो बक्से में बंद टेबलेट बाहर निकाले गए हैं। विवेचकों (हवलदार से लेकर निरीक्षक) की क्लास लगाकर उन्हें टेबलेट के इस्तेमाल और इन पर लिखा पढ़ी का पाठ पढ़ाया जा रहा है। निर्देशों के बाद मंदसौर में भी अधिकारी हरकत में आए। समय-समय पर प्रशिक्षण और टेबलेट के बारे में कर्मचारियों को क्लास लगाकर बताया भी जा रहा है।

### पारर्दिशता के लिए बदलाव...

अकसर विवेचकों पर आरोप लगते हैं कि उन्होंने मौके पर जाकर घटना स्थल का नक्शा मौका बनाने की बजाए थाने में बैठकर ही कागजों पर खाका खींचा है। इसके अलावा बदमाशों की गिरफ्तारी में हथियार की बरामदगी पर भी सवाल उठते हैं। अब ई- विवेचना में पूरा घटनाक्रम टेबलेट के कैमरे की नजर में होगा तो आरोप- प्रत्यारोप की गुजाइंश नहीं होगी।

### इस तरह होगी ई- विवेचना...

पुराने ढर्रे पर विवेचना का तरीका बदलने की कवायद में पुलिसकर्मियों को सिखाया जा रहा है कि इंवेस्टीगेशन का लेखा जोखा (केस डायरी) अब कागजों पर टेबलेट पर दर्ज होगा। इसलिए विवेचक (इंवेस्टीगेशन ऑफीसर) अपने बस्ते में टेबलेट रखेंगे। घटनास्थल पर पहुंचकर नक्शा मौका कागज पर नहीं खींचा जाएगा, बल्कि टेबलेट में मौके (जहां घटना हुई है) का फोटो खींचेंगे। इसी तरह अपराधी की गिरतारी में भी टेबलेट का इस्तेमाल होगा। इस दौरान अपराधी की गिरफ्तारी और उससे मिले हथियार का लाइव वीडियो बनाया जाएगा। उसका ब्यौरा टेबलेट में टाइप कर दर्ज करना होगा। टाइपिंग में दिक्कत आती है तो विवेचक बोलकर टाइप (वॉयस टाइपिंग) ऑप्शन का इस्तेमाल करेंगे।

### इधर क्लिक उधर रेकार्ड होगा ब्यौरा...

ई- विवेचना में पुलिसकर्मी जो लेखा जोखा, फोटो और वीडियो टेबलेट पर दर्ज करेंगे वह क्लिक होते ही पुलिस के सीसीटीएनएस के जरिए रेकार्ड में दर्ज होगा। अदालत में सुनवाई के दौरान विवेचक टेबलेट के जरिए ही केस डायरी और उसमें दर्ज सबूतों को पेश करेंगे।

## मामला- मप्र-राजस्थान को जोड़ने वाले चौमहला पुल का

# छह साल में सिर्फ मंजूरी... काम नहीं हुआ शुरु..!



### बारिश बाद ही शुरु हो पाएगा निर्माण, अभी झेलना होगी परेशानी

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ-सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में मप्र-राजस्थान को जोड़ने वाला ब्रिज 2019 की बाढ़ का शिकार हुआ। उसके बाद कितने ही अधिकारी और जनप्रतिनिधि मप्र और राजस्थान की सरकार में ब्रिज देख चुका है। लेकिन, छह साल से ब्रिज अपने निर्माण का इंतजार कर रहा है। चुनावों में भी ब्रिज बड़ा मुद्दा रहा। हालांकि, प्रदेश सरकार के बजट में 18 करोड़ की मंजूरी भी मिली। लेकिन, काम अब तक शुरू नहीं हो पाया। यह तय है कि बारिश बाद ही यहां काम की शुरुआत होगी। उसके बाद काम कब पूरा होगा, यह नहीं कहा जा सकता। मतलब साफ है कि अभी लोगों की परेशानी कम नहीं होगी।

### टेंडरों में ही उलझा रहा ब्रिज...

दो राज्यों की सरकार, सुवासरा-सीतामऊ विस में तत्कालीन मंत्री तक इस ब्रिज का निर्माण नहीं करा पाए। टेंडरों में ही ब्रिज लंबे समय तक उलझता नजर आया। विभाग को 06 बार इसके लिए टेंडर करना पड़े तब निर्माण के लिए कंपनी आगे आई और इसके बाद मिट्टी परीक्षण हुआ। अब इस आधार पर डिजाइन का काम चल रहा है। इतने सालों से प्रक्रियाओं में ही मामला उलझा हुआ है। जनवरी में मिट्टी परीक्षण के बाद अब तक डिजाइन से आगे काम नहीं बढ़ा है। ऐसे में लंबे समय से यात्री जान जोखिम में डालकर चंबल नदी पार कर रहे है।

### इंदौर की कंपनी को करना है निर्माण...

धतुरिया पुल के निर्माण के लिए कंपनी द्वारा मिट्टी परीक्षण किया गया है। पुल की मंजूरी के बाद पांच बार टेंडर में कोई कंपनी आगे नहीं आई। इसके बाद छटी बार में टेंडर हुआ और मिट्टी परीक्षण हुआ। बारिश के बाद चंबल का पानी कम होने पर निर्माण शुरू होगा। हालांकि, अभी इसके लिए डिजाइन का इंतजार है। इसमें भी लंबा समय बीत गया। डिजाइन आने के बाद ही इस पर काम शुरू होगा। इस बार 14 पिलर का पुल बनाया जाएगा। इसमें 20 मीटर उंचाई के 4 व 25 मीटर उंचाई के 10 पिलर बनेंगे। साथ ही पुल की लंबाई भी 228 मीटर से बढ़ाकर 330 मीटर रहेगी। पहले हाई रिवर पुल था जो बहाव में बह सकता था। इस बार समर रिवर पुल का निर्माण होगा। यह तेज बहाव में भी नहीं बहेगा। इसी के साथ नदी तल से उंचाई भी बढ़ेगी।

### 50 से 60 किमी घूमना पड़ रहा, स्टीमर एकमात्र सहारा...

ब्रिज के बहने के बाद ग्राम दीपाखेड़ा, दलावदा, ढंडेरा, साताखेड़ी, लदुना आदि गांव में व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हुआ है। अभी मंदसौर-सीतामऊ से चौमहला जाना है तो सुवासरा या आलोट होकर जाना पड़ता है। इससे 50 से 60 किमी का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। इससे समय व धन की बर्बादी हो रही है। इसके अलावा वर्तमान में नदी तटों के गांवों को जोडने का स्टीमर ही एक मात्र सहारा है। इसमें दो पहिया वाहन भी चढ़ाए जाते हैं। यात्री भी बडी संया में इसमें सफर कर रहे है। जोखिम के बीच हर दिन ग्रामीण पुलिया के अभाव में चंबल नदी स्टीमर से पार कर रहे है। राजस्थान के झालावाड़ व मदंसौर जिले का सीधा कनेक्शन हो जाएगा। पुलिया के अभाव में दोनों राज्यों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। पुल-टूटने के चलते वर्ष 2019 से ही वाहन चालकों व ग्रामीणों को चौमहला तक जाने के लिए 60 किलोमीटर का चक्कर सुवासरा होकर लगाना पड़ रहा है। पुल बनने से ये दूरी भी कम हो जाएगी।

### ब्रिज पर एक नजर...

- ✻ 2008 में बना था बाढ़ में बहा ब्रिज।
- ✻ 3.50 करोड़ लागत थी उस दौरान।
- ✻ 2019 सितंबर में बाढ़ के दौरान बह गया।
- ✻ 330 मीटर लंबा ब्रिज बनना है।
- ✻ 12 मीटर चौड़ाई रहेगी ब्रिज की।
- ✻ 2020 फरवरी में विभाग ने भेजा था प्रस्ताव।
- ✻ 19 करोड़ का प्रस्ताव सेतु विकास विभाग ने नए ब्रिज के लिए शासन को भेजा।
- ✻ दोनों राज्यों को जोड़ेगा नया ब्रिज।





## दिन ढलने के साथ बदल रहा मौसम

### रोज कहीं बारिश तो कहीं बूंदाबांदी का दौर

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** मई माह में जैसे गर्मी फुर्र हो गई हो, शुरुआती तीन दिन तपने के बाद 04 मई से मौसम में बदलाव के चलते बादल छाये रहे। जिले में कहीं न कहीं 08 मई की शाम से हर दिन दोपहर बाद बे-मौसम बारिश की बौछार तरबतर कर रही हैं। वैसे 03 मई के बाद पुन: दिन का पारा रविवार को 40 डिग्री पार पहुंचा है। सोमवार को शामगढ़ और मल्हारगढ क्षेत्र के अलावा कई जगहों पर बारिश और आंधी तूफान का दौर चला। कुछ जगहों पर पेड़ और बिजली के तार भी गिर गए। जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

बता दें कि माह के 18 दिनों में दस दिन दोपहर बाद जिले में आंधी-हवा के साथ बारिश की बौछारे अलग-अलग क्षेत्रों में होती रही। ग्रामीण अंचल में इस दौरान कई पेड़ धराशायी हो गए तो कई लोगों के मकानों में क्षति पहुंची। चद्दर उखड़ गए तो घर में रखी उपज पानी से खराब हो गई।

### तीन दिन कोई विशेष परिवर्तन नहीं...

मौसम विभाग के अनुसार एक साथ चक्रवातीय परिसंचरण सिस्टम अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय होने से आंधी-हवा और बारिश का प्रदेश के कई जिलों में असर देखा जा रहा है। अब अगले तीन दिन तक पश्चिमी मध्यप्रदेश में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने के बाद तापमान में मामूली गिरावट, पूर्वी मध्यप्रदेश में अगले तीन दिनों तक तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि के बाद मामूली गिरावट दर्ज की जाएगी।

## दिल्ली से तय होंगे मप्र कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

### ✻ ऑब्जर्वर लिस्ट तैयार, नियुक्ति में लगेगा दो महीने का समय ✻ दिल्ली में हर दावेदार से बात कर नाम फाइनल होगा

**भोपाल, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** मप्र कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अब दिल्ली से तय होंगे। प्रदेश में पांच खाली जिलों समेत बाकी जिलों में भी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा नाम तय होंगे।

जिला अध्यक्ष का पैनल बनाने के लिए केंद्र और राज्य की तरफ से दो-दो ऑब्जर्वर की टीम बनाकर जिलों में भेजी जाएगी। इसके लिए 68 ऑब्जर्वर के नाम एआईसीसी और 68 ऑब्जर्वर के नाम मप्र कांग्रेस कमेटी की तरफ से तय कर दिए गए हैं। प्रदेश की ऑब्जर्वर टीम में सभी विधायक और पीसीसी के पदाधिकारी शामिल हैं। अगले एक सप्ताह में प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह टीम सभी जिलों में जाकर पैनल तैयार करेगी। दिल्ली में जिलाध्यक्ष के एक-एक दावेदार से अलग-अलग बातचीत करके नाम फाइनल किया जाएगा।

### कांग्रेस भी देगी प्रशिक्षण, ताकि तोल-मोल कर बोलें...

भाजपा के मंत्रियों और विधायकों द्वारा लगातार विवादित बयान देने के बाद उत्साहित कांग्रेस नेता खुद गलती नहीं करना चाहते हैं। अब जानकारी मिली है कि कांग्रेस अपने प्रमुख पदाधिकारियों की भोपाल में अलग-अलग एक दिनी ट्रेनिंग भी कराने वाली है।

## भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हत्या के आरोप में गिरफ्तार

**मनासा, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ जवासा गांव के भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भादवामाता पुखराज सिंह उर्फ गुड्डू सिंह उम्र 37 साल को राजस्थान पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह कुछ दिनो से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे जवासा गांव में दबिश देकर पकड़ा।

पुलिस के मुताबिक पुखराज पर ननिहाल पक्ष के योगेंद्र सिंह की हत्या का आरोप है। वह ग्राम नागदेड़ा थाना अरनोद जिला प्रतापगढ़ का रहने वाला था। 14 मई को दोपहर 12 बजे के करीब योगेंद्र सिंह अपने कुएं से लौट रहा था। तभी पुखराज सिंह, दीपेंद्र सिंह, संजय सिंह और अन्य साथियों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में राजस्थान की प्रतापगढ़ पुलिस ने मनासा के समीपस्थ जवासा में दबिश देकर पुखराज को गिरफ्तार किया। उसकी मां पर भी षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस अन्य सह अभियुक्तों की तलाश कर रही है। मामले में और भी गिरफ्तारियां संभव हैं।

## 14 घंटे बाद तालाब से मिला युवक का शव

### नाव पलटने से छह लोग डूबे थे, पांच लोगों ने तैरकर बचा ली थी जान

**मनासा, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** रामपुरा में रविवार शाम नाव पलटने के दौरान लापता हुए 35 वर्षीय कन्हैयालाल ग्वाला का शव सोमवार को मिल गया। इससे पहले रविवार को पलटी नाव में छह लोग सवार थे। इनमें से पांच लोग तैरकर बाहर निकल आए थे। लेकिन कन्हैयालाल का पता नहीं चला था। पुलिस, एसडीईआरएफ और नगर परिषद की टीम ने रविवार रात करीब 03 घंटे तक तलाश अभियान चलाया था। लेकिन, उस समय कन्हैयालाल का पता नहीं चल पाया। रात में रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा। सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे एक व्यक्ति ने तालाब में शव को देखा। उसने तुरंत नगर परिषद को सूचित किया। टीम लकड़ी की मदद से शव को किनारे तक लाई। शव को मनासा के सरकारी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## डंपर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**सुवासरा, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** डंपर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। सुवासरा पुलिस के अनुसार मामला श्मशान घाट के आगे ग्राम चौमहला रोड का है।

अजयपुर निवासी विजेश धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि डंपर क्रमांक आरजे-27-जीबी-6638 के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर भेरूसिंह चंद्रावत की बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर घायल भेरूसिंह की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर डंपर वाहन रजिस्ट्रेशन आधार पर जप्त कर जांच शुरू की है।

## एट लेन पर टीआई की कार पलटी, पत्नी-बेटी सहित खुद भी घायल

**रतलाम, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम से गुजर रहे दिल्ली -मुंबई 08 लेन एक्सप्रेस वे पर रतलाम जिले के सरवन थाना टीआई अर्जुन सेमलिया की कार पलटी खा गई। कार पलटते हुए डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में टीआई समेत उनकी पत्नी सविता, बेटी आराध्या और बेटा विवान घायल हो गए। कार खुद टीआई चला रहे थे।

घटना रविवार देर शाम को 8 लेन एक्सप्रेस वे के धामनोद टोल नाके से 4-5 किमी दूर हुई है। कार पलटने की सूचना टीआई ने अपने सहकर्मियों को दी। एक्सप्रेस वे की पेट्रोलिंग टीम घायलों को लेकर मेडिकल कॉलेज आई। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब 9.30 बजे इंदौर रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर रात में पुलिस अधिकारी भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। घटना में टीआई को चेहरे पर, पत्नी व बच्चों के सिर में चोट आई है। क्रेन के माध्यम से दुर्घटनाग्रस्त कार को एक्सप्रेस वे से हटाया गया।

**परिवार में विवाह समारोह में शामिल होने पर रहे थे टीआई**-जानकारी के अनुसार टीआई अर्जुन सेमलिया अपनी कार से झाबुआ जिले के थांदला अपने गांव जाने के लिए निकले थे। परिवार में शादी होने पर वह छुट्टी लेकर जा रहे थे। रविवार शाम को मौसम में बदलाव व बूंदाबांदी के कारण एक्सप्रेस-वे पर सड़क गिली होने से कार का बैलेंस बिगड़ने से असंतुलित हो गई। डिवाइडर से टकराकर पलटी खा गई। यहां से परिजन उन्हें इंदौर लेकर गए है। थाने के भी पुलिसकर्मी साथ में इंदौर गए है।

## अतिथि शिक्षकों को हटाने का फैसला निरस्त

**इंदौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** अतिथि शिक्षकों को लेकर आए दिन नई खबरें सामने आ रही है। अब हाईकोर्ट की एकल पीठ ने उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें पॉलिटेक्निकल के अतिथि शिक्षक को हटाया गया था। कोर्ट ने कहा कि 2021 के नियम के तहत पुराने शिक्षकों को नहीं हटाया जा सकता है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता... **शेष 4 पर**

**न्यायालय बिक्री अधिकारी/वसूली अधिकारी एवं अतिरिक्त तहसीलदार सहकारी संस्थाए, मंदसौर**

**✻✻✻ अचल सम्पत्ति की कुर्की एवं नीलामी की सूचना ✻✻✻**

**स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित मंदसौर-जय पत्र धारी विरूद्ध**

चुकि(1) मेसर्स लिजेण्ड इंडिया सइंपोर्ट एक्सपोर्ट लिमिटेड
**डारेक्टर: - (1)श्री मनीष पिता शैतानमलजी जैन(2) श्री संदीप पिता शैतानमल जी जैन**
**(3)श्री विनोद पिता शैतानमलजी जैन (4) श्रीमती शैला पति विनोद जी जैन**
**(5) श्रीमती इन्दु पति मनीष जी जैन (6)श्रीमती सरिता पति संदीपजी जैन**
**(2)श्रीमती गुणमाला पति शैतानमलजी जैन (विधिक उत्तराधिकारी)**
**(1)श्री मनीष जी जैन (2) श्री संदीप जी जैन (3) श्री विनोद जी जैन निर्णित ऋणी**
**(3)श्री गुरजित सिंह टुटेजा पिता चरणजीत सिंहजी टुटेजा जमानतदार**
**(4)श्री सुशील पिता राजमलजी जैन जमानतदार**

निवास स्थान-नूरकालोनी, वार्ड न. 3, प्रमुख विहार से लगत, मंदसौर(म.प्र.) निर्णित-ऋणी केविरूद्ध न्यायालय संयुक्त रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटी, उज्जैन संभाग उज्जैन द्वारा विवाद मामला क्र.-जेआर/यूजेएन/84(ए)/2022-23/0800 में स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर डिक्रीधारी के पक्ष में डिक्री दी जा चुकी है, तथा निर्णित ऋणी ने स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर डिक्रीधारी को राशि रू 26586128.22/- व ब्याज व मुकदमा खर्च का भुगतान नहीं किया है।

अतएव इसके द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित अचल सम्पत्ति उपर्युक्त डिक्री के भुगतान के लिये कुर्क कर ली गई है और यह कि निर्णित ऋणी को इस के द्वाराउक्त सम्पति को बिक्री,उपहार या दान द्वारा या अन्य प्रकार से हस्तान्तरित करने या बदलने से रोक दिया गया है। इसकी सुचना निर्णित ऋणी तथा जमानतदारों को व्यक्तिश:तथा रजिस्टर्ड पत्र भेजी गई थी ।जिसकी वेब ए.डी. प्राप्त है। अतएव कुर्क की गई निम्नानुसारअचल संम्पत्ति की निलामी दिनांक19.06.2025 को की जावेगी।

**नीलामी दिनांक- 19 जुन 2025 गुरुवार समय प्रात:11.00 बजे**

| क्रं. | नाम ऋणी | सम्पत्ति के ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1.<br>2.<br>3.<br>4.<br>5.<br>6.<br>7. | श्री मनीष पिता शैतानमल जी जैन<br>श्री संदीप पिता शैतानमल जी जैन<br>श्री विनोद पिता शैतानमल जी जैन<br>श्रीमती शैला पति विनोदजी जैन<br>श्रीमती इन्दु पति मनीष जी जैन<br>श्रीमती सरिता पति संदीप जी जैन<br>श्रीमती गुणमाला पति शैतानमल जी जैन | 1) नगर पालिका मकान न. 4 के भुखण्ड का भाग, नूर कालोनी, वार्ड न. 3, प्रमुख विहार से लगत,मंदसौर क्षेत्रफल: 2983.75 वर्गफिट<br>(2) नगर पालिका मकान न. 4 के भुखण्ड का भाग,नूर कालोनी, वार्ड न. 3, प्रमुख विहार से लगत,मंदसौर क्षेत्रफल: 2983.75 वर्गफिट<br>3) नगर पालिका मकान न. 4 के भुखण्ड काभाग, नूर कालोनी, वार्ड न. 3, प्रमुख विहार से लगत,मंदसौर क्षेत्रफल: 2857.50 वर्गफिट<br>4) नगरपालिका मकान न. 4 के भुखण्ड का भाग,नूरकालोनी, वार्ड न. 3, प्रमुख विहार से लगत,मंदसौर क्षेत्रफल: 1793 वर्गफिट |
| | | 5) नगर पालिका मकान न. 4 के भुखण्ड का भाग,नूर कालोनी, वार्ड न. 3, प्रमुख विहार से लगत,मंदसौर क्षेत्रफल: 2416 वर्गफिट |
| | प्रकरण क्रमांक | एमडीएस (85) - 08 - 2023/24 |

बोलीदार को बोली लगाने के पूर्व रू. 10,000/- रू. दस हजार मात्र विक्रय अधिकारी के पास जमा कराना आवश्यक होगा। खरीददार को नीलामी में विक्रय की जाने वाली अचल सम्पत्ति के मूल्य के 25 प्रतिशत धन उसी समय विक्रय अधिकारी को चुकाया जावेगा। खरीददार द्वारा शेष क्रय धन तथा विक्रय प्रमाण-पत्र हेंतु अपेक्षित धन का भुगतान विक्रय दिनांक से 15 दिन के भीतर किया जावेगा। नीलामी मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम1962 के नियम 66 के अनुसार सम्पन्न की जावेगी। नीलामी की शेष अन्य शर्ते बैंक, 13-14 स्टेशन रोड़, प्रधान कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगीं।

**दिनांक.19.05.2025**

**बिक्री अधिकारी**
**स्मृति नागरिक सह. बैंक मर्यादित, मन्दसौर (म.प्र.)**

# उच्च शिक्षा में अब बर्बाद नहीं होगा साल

### पहले साल सर्टिफिकेट, दूसरे में डिप्लोमा, तीसरे में डिग्री मिलेगी

**भोपाल/मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने बड़ा बदलाव किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस शैक्षणिक सत्र से कॉलेजों में बहु प्रवेश और निकास प्रणाली लागू की है। विद्यार्थी की अब कॉलेज की पढ़ाई बीच में छूटने पर साल बर्बाद नहीं होगा। वे फिर से अगली कक्षा की पढ़ाई कर सकेंगे। नए नियम के बाद विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ाई रोक या शुरू कर सकेंगे। लेकिन, इसके लिए उन्हें पर्याप्त क्रेडिट हासिल करने होंगे।**

निकास प्रणाली के तहत विद्यार्थी को एक साल में 40 क्रेडिट पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट, 70 क्रेडिट के बाद डिप्लोमा, 100 क्रेडिट के बाद रिसर्च के साथ ऑनर्स डिग्री और 120 क्रेडिट के बाद सामान्य डिग्री दी जाएगी। यदि छात्र उतने क्रेडिट हासिल नहीं करता है तो पूर्व की तरह 12वीं पास ही माना जाएगा। इसमें एक क्रेडिट का अर्थ लगभग 15-18 घंटे की कक्षा का अध्ययन समय है। हर कोर्स या सब्जेक्ट के लिए कुछ निश्चित क्रेडिट्स निर्धारित किए हैं। जैसे-जैसे विद्यार्थी कोर्स करते जाएंगे, उनके क्रेडिट्स उस कोर्स के अनुसार एबीसी अकाउंट में जोड दिए जाएंगे। यदि विद्यार्थी किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ देता है तो उनके अर्जित क्रेडिट 5 से 7 साल तक सुरक्षित रहेंगे। छात्र भविष्य में जब चाहे इन्हीं क्रेडिट्स के आधार पर फिर से पढ़ाई शुरू कर सकेगा।

### रोजगार के अवसर तलाशने में मिलेगी मदद...

नई शिक्षा नीति के लागू होने के बाद कॉलेज में बहु प्रवेश और निकास प्रणाली लागू हो हो गई है। ताकि कोई विद्यार्थी बीच में कॉलेज छोड़े तो उसके साल बर्बाद ना हो। इसके लिए नया सिलेबस तैयार किया है। सिलेबस बदलने के बाद विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर तलाशने में मदद मिलेगी। विद्यार्थी ज्यादा परेशान नहीं होगी।

एक बार कॉलेज में प्रवेश के बाद एक साल पढ़ाई पूरी करने पर डिप्लोमा, दूसरे साल में सर्टिफिकेट और तीसरे साल में डिग्री दी जाएगी। इसका कारण यह है कि यदि बीच में किसी भी कारण से विद्यार्थी की पढ़ाई छूट जाती है तो पढ़ा हुआ सिलेबस और समय खराब ना हो। वहीं पोस्ट ग्रेजुएशन और रिसर्च पाठ्यक्रम में वहीं विद्यार्थी प्रवेश लें जो इस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इससे मनपंसद विषय में रिसर्च करने में आसानी होगी।

# शिवना शुद्धिकरण में सभी के सामूहिक प्रयासों से सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** शिवना शुद्धिकरण अभियान में मई माह की तेज गर्मी में भी श्रमदानियों का जोश कम नहीं हो रहा है। समाज प्रमुख, सामाजिक संगठन, छात्र, पेंशनर्स, मातृशक्ति सभी के सामूहिक प्रयासों के सार्थक परिणाम शिवना नदी के साफ व स्वच्छ जल के रूप में दिखाई देने लगे है। विधायक श्री विपिन जैन के इस अभियान को सभी ने अपना अभियान बनाकर प्रतिदिन दो घण्टे श्रमदान करने शिवना तट पर बडी संख्या में लोग पहुंच रहे है।



विधायक श्री जैन ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय उन्होंने संकल्प लिया था कि शिवना नदी शुद्धिकरण अभियान उनकी प्राथमिकता में रहेगा। इसी संकल्प को वह जन अभियान के माध्यम से पूरा करने का कार्य कर रहे है। जिसमें सभी का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि 19वें दिन प्रात:काल दो घण्टे श्रमदान कर 13 ट्राली जलकुंभी व गाद शिवना नदी से निकाली गई। श्री पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्थित छोटी पुलिया से शुरु हुआ यह अभियान धीरे-धीरे आगे बड रहा है। कोर्ट रोड तक शिवना को जलकुंभी मुक्त किया गया है। जल्द ही पुरी शिवना से जलकुंभी को हटाया जायेगा। सोमवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान में विधायक श्री विपिन जैन, संत रविदास समिति धारियाखेडी से अशोक सूर्यवंशी, अनिल सूर्यवंशी, दशरथ सूर्यवंशी, बाबूलाल सूर्यवंशी, जीवन सूर्यवंशी, राहुल सूर्यवंशी, राकेश सूर्यवंशी, समरथ सूर्यवंशी, राहुल सूर्यवंशी, नारायण सूर्यवंशी, प्रवीण सूर्यवंशी, यशवंत सूर्यवंशी, समाजसेवी मनीष भावसार, रामचन्द्र मालवीय, घनश्याम भावसार, सुरेश चौहान, भूपेन्द्रसिंह सिसौदिया, रामगोपाल चौहान, भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, धीरज शुक्ला, मनोज जैसवार, एम्ब्रोज अल्टर, विजय आनन्द, अभिषेक तिवारी, वरदीचंद कुमावत, सुधांशु भावसार, अमृत सौलंकी, दलपतसिंह सौलंकी, शुभम माली, कृष्णा प्रजापत, पिंकी खारोल आक्या, उमंग दिव्यांग संगठन से दिनेश चौधरी, किसान संघ से प्रतीक जैन, कांग्रेसजन विकास दशोरा, तरूण खिंची, राजनारायण लाड़, रमेश सिंगार, रमेश ब्रिजवानी, राजेश फरक्या, विश्वास दुबे, घनश्याम लोहार, सादिक गौरी, गोपाल बंजारा, दिलीप देवड़ा, मनोहर नाहटा, राकेश जैन पिंटू, अजय सोनी, शैलेन्द्र गोस्वामी, विजयसिंह सिसौदिया, मनोज जैन, साबिर इलेक्ट्रीशियन, संजय नाहर, गणपत कुमावत, राजेश खीची, योगेन्द्र गोड़, अशोक राव, राजेश चौधरी, महेश गुप्ता, अकरम खान, डॉ. सोहनलाल धाकड धमनार, राकेश सेन, कनिष्क सोनी, कृतिश नाहर, ऋषिराज लाड, सावन मकवाना, पंकज रैकवार, गोपाल बंजारा, महिला नेत्री रफत पयामी, इष्ठ भाचावत, सोनाली जैन, दीपाली पोरवाल, गीताली पोरवाल, शैली पोरवाल, प्रमिला पंवार, अनिता भदौरिया, मीना चौहान, प्रमिला नाहर, वर्षा दोसरिया, सोहनबाई मालवीय, लालुराम झावा, गांव अमलावद से कैलाश कुमावत, रमेश धनगर, मुकेश मीणा, मनीष मीणा, महेश कुमार भगत, नेपालसिंह सहित बडी संख्या में नागरिक श्रमदान पहुंचे।

## एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी को पकड़ने गए प्रधान आरक्षक को धक्का देकर गिराया, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी की तलाशी में घर गए प्रधान आरक्षक को धक्का देकर गिरा दिया और शासकीय काम में बाधा पहुंचाई। पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार नाहरगढ थाने पर पदस्थ प्रधान आरक्षक जुझारलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि मुखबिर की सूचना पर गांव माल्याखेरखेड़ा में सुखलाल आंजना के घर पहुंचा था। सुखलाल गुजरात में एनडीपीएस प्रकरण में फरार है। सुखलाल के घर गया तो वहां उसके पिता पोखरलाल ने बहसबाजी की और धक्का देकर गिरा दिया, इस दौरान घर में मौजूद सुखलाल वहां से भाग निकला। रिपोर्ट पर पोखरलाल के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया।

# भाजपा सरकार स्टार्ट-अप के जरिए युवाओं को रोजगार देने वाला बना रही

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सिसौदिया ने डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में एक वर्ष में स्टार्ट-अप में वृद्धि को लेकर दी प्रतिक्रिया

**भोपाल, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया ने डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बीते एक वर्ष में स्टार्ट-अप में 30 प्रतिशत और महिला स्टार्ट-अप में 34 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नई स्टार्ट-अप नीति लागू होने के बाद मध्यप्रदेश सरकार नवाचार और उद्यमिता को लगातार बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार स्टार्ट-अप के जरिए युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर रोजगार देने वाला बना रही है। स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रदेश में निवेश को नई दिशा देने एवं नवाचार और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करता हूं। स्टार्ट-अप के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में वृद्धि और राज्य में नवाचार को प्रोत्साहन देने में सरकार सफल रही है।



**महिला उद्यमिता के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही सरकार-** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि पिछले एक वर्ष में राज्य में मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप की संख्या 4012 से बढ़कर 5300 हो गई, जिसमें 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्ट-अप में 34 फीसदी की वृद्धि हुई है। इनकी संख्या 1864 से बढ़कर 2490 तक पहुंच गई है। इन प्रयासों से यह स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला उद्यमिता के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में महिलाओं और कृषि स्टार्ट-अप को मंच मिला है। महिला उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ने के लिये 13 अगस्त 2024 को आयोजित प्रदेश महिला उद्यमी सम्मेलन में 40 से अधिक महिला स्टार्ट-अप ने भाग लिया था। कृषि क्षेत्र के लिए जीएपी फंड के माध्यम से फंडिंग की सुविधा दी गई और कृषि आधारित स्टार्ट-अप को विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिला।

**मध्यप्रदेश में नवाचार व उद्यमिता का वातावरण तैयार-** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि स्टार्ट-अप जागरूकता का प्रदेशभर में प्रसार-प्रसार कर मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने पूरे वर्ष में 50 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स कॉन्क्लेव तथा आरएएमपी योजना जैसी पहलों के माध्यम से स्टार्ट-अप्स को जागरूक किया गया। मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने राज्य में नवाचार और उद्यमिता का वातावरण तैयार किया है साथ ही निवेश, जागरूकता और सहभागिता के नए आयाम भी स्थापित किए हैं।

# डॉ. पाण्डेय के पुण्य स्मरण पर दी श्रद्धांजलि

**जावरा, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** सादगी सहजता सरलता कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति अनेकानेक आदर्श जीवन मूल्यों के प्रेरणादायी प्रेरक हम सभी के आदर्श राजनीति के संत मालवा क्षेत्र के गांधी जावरा मन्दसौर संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत परम श्रद्धेय स्वर्गीय (बाऊजी) डॉ. लक्ष्मीनारायण जी पाण्डेय के पुण्य स्मरण दिवस पर ऐसे बिरले व्यक्तिव पर नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा का संकल्प लेवे उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदकिशोर महावार ने व्यक्त किये उक्त जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा के मीडिया प्रभारी संदीप रांका ने बताया की गोपाल इफतेखार गौशाला पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीनारायण पांड्य के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर सभी ने



श्रद्धांजलि अर्पित की, स्वागत भाषण देते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहाँ की हम सभी कार्यकर्ताओ के प्रेरणास्त्रोत डॉ. लक्ष्मीनारायण जी पाण्ड्य का पूरा जीवन राष्ट्रसेवा, जनसंघ व भाजपा के लिए समर्पित रहा हैं गौशाला में गौमाता की सेवा करते हुए गोग्रास खिलाकर पुण्यतिथि मनाई गई इस दौरान जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अभय कोठारी, अध्यक्ष राजेश शर्मा, वीरेन्द्रसिंह चौहान, रजत सोनी, सुभाष टुकड़िया, अब्बास बोहरा, राजेश धाकड, इफतेखार पठान, पंकज कांठेड, मोतीलाल यदुवंशी, शरद डूंगरवाल, सत्यनारायण पांचाल, आसिफ मिर्जा, अफाक अहमद, विनोद चौरसिया, बाबर पठान, लोकेश पंड्या अजयसिंह भाटी, गुरु संदीप रांका उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर महामंत्री अनिल धारीवाल व आभार महामंत्री मनीष उट्वाल ने व्यक्त किया।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम, होगी संगोष्ठी

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** ाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी शर्मा के मार्गदर्शन में जिला भाजपा द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर 21 मई से 31 मई तक जिला मुख्यालय मंदसौर सहित सभी 21 मंडलों में अभियान चलाकर जयंती के विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित ने बताया कि 21 मई को जिला मुख्यालय मंदसौर स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ संगठन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। उसके बाद क्रमश: जिले के सभी 21 संगठनात्मक मंडलों में इस प्रकार की संगोष्ठियां संपन्न होगी।31 मई को उनकी जयंती के दिन भोपाल में अभियान का समापन होगा। श्री दीक्षित ने कहा कि मंदसौर जिले में देवी अहिल्याबाई होल्कर की शासन व्यवस्था कैसे आज देश और प्रदेश में स्थापित है, उसे लेकर जिला भाजपा जन-जन तक पहुंचेगी।

मंदसौर जिले में भाजपा कार्यकर्ता देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था, सुशासन, महिला सशक्तिकरण सहित 300 वर्ष पूर्व जो उल्लेखनीय कार्य को जनता के बीच रखेंगे। देवी होल्कर के समाज, महिला, संस्कृति, देश और धर्म को लेकर जो कार्य किए हैं, उन सभी विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर किए गए कार्यों कों बताने निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम आयोजित होंगे। विधवा विवाह प्रथा देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में शुरू की थी। उस समय होल्कर की सेना में लगे सैनिकों की विधवाओं को रोजगार के लिए महेश्वर साडी जैसे रोजगार की व्यवस्था की थी। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और प्रदेश में हमारी सरकारें उसी तरह महिलाओं के स्वरोजगार के लिए कई अभियान चला रही हैं। संपूर्ण जिले में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल को अभियान टोली का जिला संयोजक एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता को अभियान का जिला सह संयोजक सहित 15 सदस्यि जिला टोली का गठन किया गया है।

## 25 तक कार्ड प्राप्त कर अपडेशन करावे

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि जलकर की बकाया राशि जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई नियत है। 30 मई 2025 तक बिना पेनल्टी के जलकर की बकाया राशि जमा की जा सकती है। जिन जलकर उपभोक्ता ने अपने नल कनेक्शन के नवीन कार्ड नपा कार्यालय से प्राप्त नही किये है वे अनिवार्य रूप से 25 मई तक र्कार्ड का निर्धारित शुल्क जमा कर कार्ड प्राप्त कर लेवे और उसे अपडेशन करा लेवे ताकि 30 मई 2025 के पूर्व बिना पेनल्टी के जलकर की बकाया राशि जमा की जा सकें।

# केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक अधिकारियों द्वारा 400 केवी सब स्टेशन मंदसौर का निरीक्षण

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि जर्मनी के के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय की मॉनिटरिंग में पूरी की गई उन परियोजनाओं का निरीक्षण किया, जिन्हें ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-1 योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा निर्धारित लक्ष्य से पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया था।श्री तोमर ने बताया कि हाल ही में जर्मनी से आए बैंक के तकनीकी अधिकारी श्री वाल्टर क्लोटज ने इस परियोजना के अंतर्गत निर्मित मंदसौर 400 केवी सबस्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने एमपी ट्रांसको द्वारा कराए गए कार्यों की उच्च गुणवत्ता और उत्कृष्ट तकनीकी तरीकों की सराहना की।

**अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य-** जर्मन प्रतिनिधि श्री वाल्टर क्लोटज ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्त पोषित कार्य अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किए गए हैं और अब इनका संचालन व संधारण एमपी ट्रांसको की कुशल टीम द्वारा प्रभावी रूप से किया जा रहा है।सबस्टेशन का सूक्ष्म निरीक्षण - श्री क्लोटज ने सबस्टेशन के रखरखाव, स्काडा सिस्टम के माध्यम से डेटा मॉनिटरिंग, जैसे कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण कर उन्हें अत्यंत उत्कृष्टबताया। उन्होंने स्वयं भी परिसर में वृक्षारोपण किया। निरीक्षण के दौरान के.एफ.डब्ल्यू. बैंक के भारतीय प्रतिनिधि श्री रमन रेड्डी, एमपी ट्रांसको के श्री वाय.आर. मांडलेकर, मनीष महावर, पंकज कुमार राय एवं राजेश भूरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाने विशेष शिविर कल

**नीमच, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने बताया, कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिये विशेष शिविर का आयोजन वर्ष में दो बार किया जा रहा है। प्रथम चरण के सफल आयोजन के बाद द्वितीय चरण में शिविर का आयोजन जारी है। इसी कडी में 21 मई को सिविल अस्पताल मनासा में दिव्यांगजनों की सहायता हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगजनों की दिव्यांगता की जॉच की जाकर उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाऐंगे। इस शिविर में दिव्यां गजनों की स्वास्थ्य से जुडी समस्याओं का निराकरण भी किया जावेगा। शिविर में रेल्वे में छूट हेतु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी पंजीयन किया जावेगा। डॉ.प्रसाद ने बताया, कि उक्त शिविर में रतलाम एवं मंदसौर के चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे।

# कार्यों की शत प्रतिशत टीएस जारी करें-प्रभारी कलेक्टर

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रभारी कलेक्टर श्री अमन वैष्णव ने कलेक्टर कार्यालय सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित कर अभियान के कार्यों कों तीव्रता से करने के निर्देश प्रदान किए। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यों कीं 50% टीएस हो चुकी है, शेष 50% टीएस जारी कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करे। टीएस के बाद एएस फिर जियो टैग फिर मस्टर जारी करें, उसके पश्चात ही कार्य ऑनलाइन शो होगा। सीईओ जिला पंचायत को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे उपयंत्री जो कार्य नहीं कर रहे, उनको तत्काल कारण बताओं नोटिस जारी करें। सचिव और जीआरएस लापरवाही न करें इस बात का ध्यान रखे। लापरवाही पर तुरंत कार्यवाही करें। जनपद सीईओ गंभीरता के साथ कार्य करें और अभियान में प्रगति लाए। कार्यों की लगातार निगरानी भी करें। प्रतिदिन की रिपोर्ट बनाएं तथा प्रेषित करें। कार्य के दौरान अगर कोई समस्या है तो तुरंत बताएं, जिससे समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। उपयंत्री, एई नीचले स्तर के कार्यों में र्समन्वय बनाकर काम करें और करवाए। खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, अमृत सरोवर के लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करें। अभियान को बहुत अच्छे से क्रियान्वित करें। कार्य करने की रणनीति बनाएं और रणनीति बनाकर उस पर काम करें। रणनीति के साथ फील्ड पर काम करके दिखाएं। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, सभी जनपद सीईओ, AE, SE, APO, AAO उपस्थित थे।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** घर के बाहर खडी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया। मून्दड़ा कॉलोनी निवासी शरद मून्दड़ा ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि में होण्डा सीडी बाइक (एमपी 14 एनई 4838) को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठा तो बाइक नही थी। पुलिस ने केस दर्ज किया।

## महिला को पीटा, 3 पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** महिला से मारपीट के आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया। चीताखेडी निवासी सोरमबाई पति रमेश गायरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव में कार्यक्रम में जा रही थी, रास्ते में पंचायत के यहां नागेश पिता वरदीचंद गायरी, वरदीचंद पिता उंकारलाल गायरी, मैनाबाई पति वरदीचंद गायरी मिले, पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## महिला को पीटा, जेठ पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** महिला को पीटा, पुलिस ने जेठ पर केस दर्ज किया। नाहरगढ थाने पर सेसड़ी निवासी पूजा पति विक्रम बंजारा ने शिकायत दर्ज कराई कि जेठ रतनलाल पिता कमलाशंकर ने मेरा मोबाइल ले लिया। मैंने कहा कि घर पर बात कर रही थी तो उसने गाली-गलाज कर मारपीट की। पुलिस ने जेठ रतनलाल पर केस दर्ज किया।



# खेल दिलों को दिलों से मिलाने का काम करते हैं-सांसद

### मंदसौर सीए ब्रांच ने टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान पीढ़ी को हमने मोबाइल और टीवी देकर घरों में कैद कर दिया है और इस वजह से उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है। मन्दसौर सीए ब्रांच के पदाधिकारियों ने आज टर्फ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों व महिलाओं को घरों से बाहर निकालकर मैदान में खेलने का अवसर प्रदान किया है। साथ ही अन्य ब्रांच की टीमों को भी आमंत्रित कर आपने पड़ोसी जिलों के सदस्यों से सम्बन्ध विकसित करने की ओर कदम बढ़ाया है। इससे निश्चित रूप से मन्दसौर ब्रांच के सदस्यों को लाभ मिलेगा।

उक्त विचार मन्दसौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा आयोजित टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि खेलों के माध्यम से हमारा शारीरिक व्यायाम तो होता ही है साथ ही खेल खेल में हम एक दूसरे से घनिष्ठसम्बन्ध भी बना लेते हैं, जो कि जीवन भर हमारे काम आते हैं। मन्दसौर ब्रांच ने अपने सभी सदस्यों को ऑफिस से खेल मैदान पर लाकर उन्हें नयी उर्जा प्रदान की है। कार्यक्रम के विशिष्टअतिथि सीए प्रतीक डोसी ने कहा कि मन्दसौर सीए ब्रांच अपने सदस्यों की सहभागिता के साथ नये आयाम छूने को तत्पर है। मुझे गर्व है कि मैं भी इसी ब्रांच का सदस्य हूँ।

## आज होने वाले कांग्रेस के प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होवे-कुमावत

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत ने बताया कि कांग्रेस कार्यकताओं व संजीत ब्लाक अध्यक्ष ईश्वर लाल धाकड़ पर



पिछले दिनों लोकतांत्रिक तरीके से किये जा रहे विरोध के दौरान भाजपा के लोगों द्वारा किए गए हमले को लेकर व कांग्रेस कार्यकताओं में जोश भरने एवं उनकी आवाज को बुलंद करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी , मंदसौर जिला प्रभारी श्री जयवर्धन सिंह, लोकसभा प्रत्याशी श्री दिलीपसिंह गुर्जर आज दिनांक 20 मई 2025 वार मंगलवार को प्रात: 11:30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी चौराहा मंदसौर पर आ रहे हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय पर सभी कार्यकताओं से मिलेंगे व कांग्रेस कार्यकताओं पर किए गए प्राणघातक हमले के विरोध प्रदर्शन में एसपी कार्यालय के घेराव में शामिल होंगे। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत ने जिले के सभी कांग्रेस कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यकताओं के हक की आवाज को बुलंद करने की अपील की। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने साथियों सहित अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## भाईयों ने भाई को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में दो भाईयों ने मिलकर एक भाई को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। जोगनी निवासी बापूलाल पिता मांगीलाल चौहान ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे बड़े भाई कंवरलाल व गणपत के बीच खेती व मकान का बंटवारा 40 वर्ष पूर्व हो चुका है। लेकिन दोनों ने कुए को जेसीबी से मिट्टी डालकर बंद कर दिया व खेत पर आने जाने वाले रास्ते पर जेसीबी से खोद दिया। मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 14 | 2070 | 2141 |
| उडद | 24 | 5210 | 6301 |
| सोयाबीन | 4500 | 3900 | 4300 |
| गैहु | 10000 | 2301 | 2851 |
| चना | 656 | 5000 | 5610 |
| मसुर | 192 | 5670 | 6307 |
| धनिया | 145 | 6161 | 7150 |
| लहसुन | 18000 | 3001 | 9000 |
| मैथी | 1007 | 3800 | 5329 |
| मुंगफली | 1435 | 3800 | 5205 |
| अलसी | 1369 | 6800 | 7200 |
| सरसो | 341 | 4800 | 6101 |
| तारामीरा | 1 | 5200 | 5200 |
| इसबगोल | 138 | 9200 | 11300 |
| प्याज | 1605 | 150 | 500 |
| कलोंजी | 45 | 17780 | 19180 |
| तुलसी बीज | 6 | 13010 | 14401 |
| डॉलर | 150 | 6406 | 8303 |
| तिल्ली | 3 | 6981 | 7401 |
| जौ | 35 | 2211 | 2321 |
| मटरसुखी | 7 | 2901 | 4001 |
| असालीया | 205 | 6530 | 6800 |
| चियाबीज | 145 | 12250 | 14751 |


**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक LII-127 जो श्रीमती ज्योति जोशी पति श्री जयवल्लभ जोशी को मण्डल आदेश क्रमांक 1522 दिनांक 11.09.2024 द्वारा नामांतरित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री ओमप्रकाश धनगर पिता श्री घनश्याम धनगर एवं श्री जयन्त धनगर पिता श्री घनश्याम धनगर को संयुक्त रूप से कर विक्रय पत्र दिनांक 25.12.2024 को इनके पक्ष में निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्री ओमप्रकाश धनगर पिता श्री घनश्याम धनगर एवं श्री जयन्त धनगर पिता श्री घनश्याम धनगर संयुक्त रूप से अपने नाम से करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्या। वितीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री ओमप्रकाश धनगर पिता श्री घनश्याम धनगर एवं श्री जयंत धनगर पिता श्री घनश्याम धनगर के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.**

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/720/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक- 14.05.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**//// प्रथम सूचना ////**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल परमार पिता अमृतराम परमार, निवासी दलौदा सगरा, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 21.03.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 18.06.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | सीतामऊ | छत्रापुरा | 154 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.06.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
G-13026/25 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल। खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.**

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/735/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक- 14.05.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**//// प्रथम सूचना ////**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राम स्टोन क्रेशर, गुर्जरबर्डिया, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07.05.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 18.06.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मंदसौर | गुर्जर बर्डिया | 170/14 | 2.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.06.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
G-13025/25 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल। खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.



विरासत से विकास
300वीं जन्म जयंती पर
लोकमाता अहिल्याबाई होलकर
को कृतज्ञतापूर्ण नमन
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
लोकमाता अहिल्याबाई
के मूल्यों एवं आदर्शों को समर्पित
राजवाड़ा, इंदौर में
मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद बैठक
का आयोजन
विकसित मध्यप्रदेश @2047
विज़न डॉक्यूमेंट पर मंथन
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
20 मई, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे
D-11027/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# शून्य उत्पादन पर भी जमा कराना होगा रिटर्न

## धारा-32 में होगी फूड लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** लाइसेंसधारी फूड कारोबारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक रिटर्न 31 मई तक दाखिल करना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर 01 जून से उनकी जेब पर 100 रुपए रोज का फटका लगेगा। अगर पिछले वर्ष उत्पादन शून्य है तो भी रिटर्न जमा करना होगा, नहीं तो धारा- 32 में लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई होगी। लाइसेंसधारी खाद्य कारोबारी जो खाद्य निर्माता, आयातकऔर निर्माता-निर्यातक हैं उन्हें अपना वार्षिक रिटर्न दाखिल करना है। सभी लाइसेंसधारी कारोबारी एफएसएसएआई के फोसकॉस पोर्टल के जरिए रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

**ऐसे करें वार्षिक रिटर्न दाखिल-** ✻ चरण-1- फॉसकोस पोर्टल पर लॉगिन करें। ✻ चरण 2- बाएं मेनु में जाएं, वार्षिक रिटर्न भरें।

**यहां से ले सकते हैं जानकारी- फॉसकोस पोर्टल-** ✻ एफएसएसएआई हेल्पलाइन पर कॉल करें ✻ हेल्पडेस्क- फॉसकोस.एफएसएसएआई. जीओवी.इन ✻ लाइसेंस धारी खाद्य कारोबारियों को जमा करना होगा रिटर्न।

**ध्यान रखने योग्य बातें-** ✻ पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अगर उत्पादन नहीं हुआ है तो भी रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। ✻ लाइसेंस एक्सपायर हो गया हो या वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान सरेंडर कर दिया गया हो, तब भी रिटर्न भरना आवश्यक है। ✻ 31 मार्च 25 से पहले नया लाइसेंस प्राप्त हुआ है, तब भी रिटर्न भरना आवश्यक है। ✻ पुन: पैकिंग या लेबलिंग करने वाले व्यवसायियों को भी वार्षिक रिटर्न भरना होगा। ✻ 31 मई अंतिम तिथि, एक जून से 100 रुपए रोज का लगेगा फटका

## कार-बाइक की टक्कर में युवक गंभीर घायल

**नीमच, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ग्राम कराड़िया महाराज मोड़ पर रविवार दोपहर बाइक-कार की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का आगे का बंपर टूट गया।

बड़े अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार आबिद पिता उस्मान मंसूरी 33 वर्ष निवासी जीरन बाइक से छोटी सादड़ी गया था। लौटते समय कराड़िया महाराज मोड़ पर सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हादसे में आबिद गंभीर रूप से घायल हुआ। कार ड्राइवर ने उसे तुरंत बड़े अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद परिजन आबिद को नीमच के एक निजी अस्पताल ले गए।

# फायर एनओसी के लिए भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र जरूरी, स्वीकृत नक्शे के अलावा नहीं कर पाएंगे निर्माण

**जबलपुर, 19 मई।** मध्य प्रदेश में स्वीकृत नक्शे के विपरीत भवन निर्माण या मनमाने तरीके से भवनों का विस्तार करने वालों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने फायर सेफ्टी अनुमोदन और फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) जारी करने से पहले भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र और अधिभोग अनुज्ञा को अनिवार्य कर दिया है।

इस संबंध में निकायों के भवन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही फायर एनओसी दी जाए। नए नियमों का उद्देश्य अग्नि हादसों को रोकना और अवैध निर्माण पर अंकुश लगाना है। आयुक्त नगरीय प्रशासन सीबी चक्रवर्ती ने बताया कि इससे भवनों की सुरक्षा मजबूत होगी।

**नए नियमों का दायरा-** विभाग ने अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 5,000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल या 15 मीटर से उंचे सभी भवनों को नए नियमों के दायरे में शामिल किया है। इसके अलावा, 50 बेड से अधिक वाले होटल और अस्पतालों को भी इस श्रेणी में रखा गया है। हर दो वर्ष में फायर एनओसी लेना अनिवार्य है। पहले भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता नहीं होने से अवैध निर्माण बढ़ रहे थे। नए निर्देशों से इस पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद है।

**अवैध निर्माण में लापरवाही-** अधिकतर लोग स्वीकृत नक्शे के बाद नियम तोड़कर भवन निर्माण करते हैं। पहले पूर्णता प्रमाण-पत्र अनिवार्य नहीं होने से निकायों का दल निर्माण के बाद जांच नहीं करता था। इससे पार्किंग और अग्निशमन व्यवस्था सबसे ज्यादा प्रभावित होती थी। कई संचालक पार्किंग क्षेत्र में दुकानें बना लेते थे या उसे किराए पर दे देते थे। अब पूर्णता प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता से ऐसी मनमानी पर रोक लगेगी, क्योंकि निकाय अधिकारी जांच के बाद ही प्रमाण-पत्र जारी करेंगे।

**भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया-** 5,000 वर्गफीट से बड़े भवनों के लिए पूर्णता प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य है। निकाय की भवन शाखा निर्माण पूरा होने के बाद यह जांचती है कि भवन स्वीकृत नक्शे के अनुसार बना है या नहीं। इंजीनियरों की जांच के बाद ही प्रमाण-पत्र जारी होता है। हालांकि, ऐसे प्रमाण-पत्र लेने वाले भवन संचालकों की संख्या केवल 10 प्रतिशत के आसपास है।

**निकायों की जवाबदेही-** जबलपुर नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव ने बताया कि 5,000 वर्गफीट या 15 मीटर से उंचे भवनों के लिए फायर सेफ्टी के साथ पूर्णता प्रमाण-पत्र जमा करना अब अनिवार्य है। संचालनालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं।

## कार से 75 किलो डोडा चूरा जप्त, एक गिरफ्तार

**नीमच, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले की सिंगोली थाना पुलिस ने जोधपुर के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 75 किलो डोडा चूरा जब्त किया हैं।

पुलिस के मुताबिक रात में देहात गश्त व नाकाबंदी के दौरान पुलिस को बेगूं रोड बरड़ावदा फंटा ग्राम बरड़ावदा में कार नंबर डीएल 08 सीएपी 3250 आती दिखी। पुलिस ने उसे रोका। कार राजू विश्नोई उम्र 32 साल निवासी सेवालो की ढाणी पलासणी थाना डांगियावास जिला जोधपुर (राज.) चला रहा था। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो काले कट्टों में भरा 75 किलो डोडा चूरा मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर डोडाचूरा व कार जब्त की। एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज जांच शुरू की।

## फुल डिमांड में चल रहे बादाम और दशहरी आम

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर में आम की मांग बढ़ गयी है। बाजार में बादाम, तोतापरी, सिंदूरी, हापुस और केसर की खूब डिमांड हैं। हापुस की आवक अंतिम चरण में है। हफ्तेभर में लंगड़ा, दशहरी, लखनवा, सफेदा और चौसा आम की आवक शुरू होगी। अभी दक्षिण भारत के वारंगल, तिरुपति, विजयवाड़ा और निजामाबाद क्षेत्र से आम आ रहे हैं। मंदसौर में लगभग छह से आठ टन प्रतिदिन आम आ रहा है। जिसमें लगभग दो टन आम की बिक्री शहर में हो जाती है। फलों का राजा कहे जाने वाले आम ना सिर्फ स्वाद के लिए बल्कि सेहत के लिए भी खाए जाते हैं। आम की कई प्रकार की किस्में बाजार में आती हैं। दुनियाभर में आम की 1500 से ज्यादा किस्में हैं। इनमें से भारत में 1000 से अधिक किस्में पाई जाती हैं।

## श्री हनुमान चालिसा का सामुहिक पाठ आज

**मनासा, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** आज 20 मई मंगलवार को नगर के बड़ा बघेला स्थित मुरली मनोहर मंदिर पर रात्रि8.30 बजे सनातन सत्संग मंडल मनासा के तत्वाधान में 35 वा श्री हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ का धार्मिक आयोजन रखा गया हे रखा गया हे। पाठ सिलावटी गली स्थित कुमावत समाज के श्री चारभुजा मंदिर पर रात्रि 8.30 बजे रखा गया हे। कुमावत समाज व सनातन सत्संग मंडल ने नगर की सनातन धर्मप्रेमी जनता से चारभुजा मंदिर पर आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की हे।

## जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुओं एवं नालियों की जा रही साफ-सफाई

**मंदसौर, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन जन का अभियान बनता जा रहा है। जहाँ एक और नदी तालाब पोखरण सहित जल की महत्ता को लेकर अनेकों श्रमदान और जागरूकता कार्यक्रमकलेक्टर के निर्देश पर जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीण अंचलो सहित शहर में भी अनेकों जल संगोष्ठी जल शुद्धिकरण हेतु श्रमदान जैसे कार्य किए जा रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तर्गत नगर परिषद मल्हारगढ द्वारा वार्ड क्रमाक 08 में कुएं की सफाई करवायी गयी।मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद आर्थिक योजना एवं सांख्यिकी विभाग ब्लॉक भानपुरा



कर्मभूमि सामाजिक सेवा समिति सांनडा द्वारा नाली को साफ किया गया नाली अवरुद्ध हो गई थी जिसे गंदा पानी इकठ्ठा हो रहा था जिसके कारण गंदगी फैल रही थी और मच्छर पैदा हो रहे थे साफ सफाई करके नाली को चालू की गई इसी कड़ी में गांव को साफ सुथरा बनाने के लिए सफाई करके सभी को समझाईश दी गई की सभी अपने आसपास साफ सफाई रखें एवं जल को प्रदूषित होने से बचाए बरसात आने से पहले जल स्रोतों की साफ सफाई करने का संदेश दिया गया।

## अतिथि शिक्षकों को...

पेज 1 से जारी

को फिर से कार्य पर रखने का आदेश दिया है। दरअसल ज्योति आर्या ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता गौरव समाधिया ने तर्क दिया कि ज्योति आर्या 20 जुलाई 2013 से अतिथि शिक्षक के पद पर कार्य कर रही थी। लेकिन, 2021 में उन्हें हटा दिया गया। कहा गया कि फिर से भर्ती प्रक्रिया में शामिल होना होगा। विभाग ने जो फैसला लिया है, वह गलत है। नए भर्ती के साथ उनकी तुलना नहीं की जा सकती है। जब तक नियमित शिक्षक नहीं आता है, पुराने अतिथि शिक्षक को नहीं हटाया जा सकता है। उसकी जगह नया अतिथि शिक्षक नहीं ला सकते हैं।

## ✻ उठावना ✻

अर्जुन झलौया के ज्येष्ठ भ्राता, स्व.महेश और राजेश के पिताश्री, अशोक स्व.लोकेंद्र, स्व. सतीश,



स्व.श्याम,के काकाजी, संजय के ताऊजी, आशुतोष, पीयूष, अभिनव, गौरव, अंकित, भानुतोष, हार्दिक के दादा जी और रायन के परदादाजी श्री भेरूलाल जी झलौया का स्वर्गवास दिनांक 18 मई 2025 रविवार को हुआ है जिनका उठावना दिनांक-21 मई 2025, वार -बुधवार समय- प्रात: 11:00 बजे, स्थान-निज निवास,बालाजी का बाड़ा, गांधी चौराहा मंदसौर पर रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
समस्त झलोया परिवार

# पेरासिटामोल ड्रॉप, मल्टीविटामिन सहित 6 दवाएं इस साल मिली अमानक

**भोपाल, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** मेडिकल कॉलेज से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र तक प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में रोगियों की दी जाने वाली छह दवाएं इस वर्ष गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाई गई हैं। इनमें बच्चों के लिए उपयोग होने वाला पैरासिटामाल ड्राप, विटामिन-सी, मल्टीविटामिन आदि दवाएं शामिल हैं। अस्पतालों से विभिन्न लैब में भेजे गए सैंपलों की जांच में ये दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुई हैं। मध्य प्रदेश पब्लिक हेल्थ सप्लाई कारपोरेशन ने इन दवाओं के उपयोग पर रोक लगाने के साथ ही संबंधित कंपनियों को भी निर्धारित अवधि तक आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। मई में तीन दवाएं अमानक पाई गई हैं।

इनमें मिर्गी के उपचार में उपयोग होने वाली टैबलेट लैवेसेटम 500 एमजी, विटामिन- सी और मल्टीविटामिन की टैबलेट हैं। इसके पहले आईवी फ्लूड भी अमानक मिला था। बड़ी बात यह है कि इन दवाओं की आपूर्ति के साथ कंपनियां अपनी लैब के साथ ही राज्य सरकार द्वारा चिह्नित थर्ड पार्टी लैब से भी सभी दवाओं के प्रत्येक बैच के सैंपल की गुणवत्तायुक्त जांच रिपोर्ट भेजती हैं। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर ओपीडी व भर्ती रोगियों के लिए दवाओं का उपयोग भी प्रारंभ किया जाता है। बाद में जब औचक तौर पर सीएमएचओ या सिविल सर्जन के स्टोर से दवाओं के सैंपल जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य औषधि प्रयोगशाला या केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं में भेजे जाते हैं तो अमानक मिल जाते हैं। यानी वही दवा निजी लैबों में मानक और शासकीय लैबों में अमानक मिलती है। दवाएं अमानक होने की होने की एक वजह उनका परिवहन व रखरखाव भी है। दवाओं को कक्ष के सामान्य तापमान पर रखा जाता है, पर कई स्टोर इस तरह से बने हैं कि वहां तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है।

## कांग्रेस नेता से मारपीट के मामले में अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** संजीत ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर धाकड से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सेना को लेकर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा द्वारा की गई कथित टिप्पीणी को लेकर 17 मई को कांग्रेस ने प्रदेशभर में पुतला दहन का आयोजन किया था। बूढ़ा में संजीत ब्लाक कांग्रेस ने भी पुतला दहन कार्यक्रम के पहले ही भाजपा- कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए थे। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष ईश्वर धाकड से साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट की थी व कपडे फाट दिए थे। रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी अस्पताल में भर्ती ईश्वर धाकड से वीडियो काल कर बात की थी। नारायणगढ टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया कि ईश्वर धाकड से मारपीट के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी की संख्या भी अज्ञात है।

## आबकारी अधिकारी व शराब ठेका कर्मचारियों के विवाद के मामले में दुकान मालिक, सेल्समेन व मैनेजर पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में चौपाटी स्थित शराब दुकान पर जिला आबकारी अधिकारी व शराब ठेका कर्मचारियों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने मैनेजर, सेल्समेन व दुकान मालिक के खिलाफ बीएनएस सहित एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रविवार को चौपाटी पर स्थित शराब दुकान पर जिला आबकारी अधिकारी बीएल डांगी टीम के साथ पहुंचे थे। डांगी का कहना था कि हम निरीक्षण के लिए गए थे। जबकि शराब ठेके पर कार्यरत लोगों का आरोप था कि आबकारी अधिकारी 10 लाख रुपए रिश्वत लेने आए थे। विवाद बढा तो दोनों पक्षों में एक-दूसरे के खिलाफ पिपलियामंडी पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया कि आबकारी विभाग के उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सांवले की रिपोर्ट पर शराब दुकान मालिक भारतसिंह पिता रणजीतसिंह शक्तावत, सेल्समेन रंजनसिंह पिता अरविन्दसिंह राजपूत, मैनेजर सन्नीसिंह के खिलाफ धारा 296, 115(2) 351(3) 132, 121(1) 127(2) 3(5) व अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम की धारा 3(2) में केस दर्ज किया है।

## 1100 किलो मछली चोरी कर ले जाते गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** 1100 किलोग्राम मछली चोरी कर ले जाते जीप सवार आरोपी को गिरफ्तार किया। नाहरगढ़ पुलिस ने नाहरगढ़ बायपास पर जीप (एमपी 14 बीई 0193) को रोका, तलाशी के दौरान उसमें 1100 किलो मछली बरामद हुई। आरोपी मछलियां शिवना नदी से चुराकर ले जा रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान धांधड़ी (सुवासरा) निवासी कमलेश उर्फ विनोद (35) पिता अमरलाल अहिरवार होना बताई। पुलिस ने मत्स्य अधिनियम व चोरी की धारा में केस दर्ज कर मछली व जीप जब्त की।

# मनरेगा का भुगतान रुका, विकास कार्य ठप

## सरपंचों ने दिया ज्ञापन, कहा- विकास कार्यों पर लगी 20 कामों की सीमा हटाए

**नीमच, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सरपंच संघ के बैनर तले सोमवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एकत्रित हुए। सरपंचों ने डिप्टी कलेक्टर रश्मि श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की संख्या पर लगी 20 कार्यों की सीमा को हटाने की मांग की गई है।

सरपंचों का कहना है कि वर्तमान में वे गांवों की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान योजना के तहत खेत तालाब, कूप रिचार्ज, कुएं और बावड़ियों की सफाई का काम जारी है। फरवरी 2025 से पंचायतों में अन्य विकास कार्य रुके हुए हैं। कच्चे रास्तों को पक्का करने, कपिल धारा कूप निर्माण और नंदन फलोद्यान जैसी योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। मनरेगा योजना से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। मजदूरी और सामग्री का भुगतान नहीं हो रहा है। सरपंच अपने व्यवहार से पुराने कार्यों को पूरा करवा रहे हैं। चल्दू सरपंच महेंद्रसिंह शक्तावत ने कहा कि विकास कार्यों पर प्रतिबंध से उनके पद का औचित्य समाप्त हो जाएगा। उन्होंने सीसी रोड, सुदूर सड़क योजना और खेत सड़क योजना जैसे कार्य शुरू करने के लिए प्रतिबंध हटाने की मांग की है।

## एनएसयूआई ने की नारेबाजी, दिया धरना

**शामगढ़, 19 मई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय में परीक्षा समय सारणी में बदलाव की सूचना नहीं दिए जाने का आरोप है। जिससे कुछ विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गए। वंचित विद्यार्थी इसे लेकर अब महाविद्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इधर एनएसयूआई ने इसमें महाविद्यालय प्रबंधन को लापरवाह बताया है। सोमवार को एनएसयूआई के कार्यकार्ताओं ने शासकीय महाविद्यालय के गेट के बाहर बैठकर धरना दिया और नारेबाजी की।

## नाम परिवर्तन संबंधी जाहिर सूचना

**मैं शिवानी आंजना पिता बद्रीलाल आंजना (Shivani Anjana) सरपरस्त बद्रीलाल पिता कारूलाल जी निवासी ग्राम माल्याखेरखेड़ा तह. व जिला-मन्दसौर सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम सूचित करता हूं कि पूर्व में मेरी पुत्री का नाम दस्तावेज में समग्र आइडी, शैक्षणिक संस्था में शिवानी आंजना दर्ज जो सही है किन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में अंतिमबाला आंजना नाम अंकित है। जिसके स्थान पर परिवर्तित करके शिवानी आंजना ( Shivani Anjana ) घोषित किया है। आज दिनांक से भविष्य में मेरी पुत्री को शिवानी आंजना ( Shivani Anjana ) के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावे एवं आधार कार्ड में एवं अन्य दस्तावेज में परिवर्तन किया जाना है सो साधारण को सूचित किया जाता है।**

पुराना नाम व हस्ताक्षर — अंतिम बाला आंजना — सरपरस्त बद्रीलाल आंजना
नया नाम व हस्ताक्षर — शिवानी आंजना — सरपरस्त बद्रीलाल आंजना

## नाम परिवर्तन जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चंदा पति बद्रीदास (CHANDA W/O BADRI DAS) ने अपना पुराना नाम चंदा पति बद्रीदास (CHANDA W/O BADRI DAS) को बदलकर नया नाम चंद्रकला बैरागी पति बद्रीदास (CHANDRAKALA BAIRAGI W/O BADRI DAS) कर लिया है। अतः मुझे भविष्य में अपने नये नाम चंद्रकला बैरागी पति बद्रीदास (CHANDRAKALA BAIRAGI W/O BADRI DAS) के नाम से जाना व पहचाना जावे व लिखा जावे व पढ़ा जावें। जो सर्वजन आमजन सूचित हो।

पुराना नाम
CHANDA W/O BADRI DAS
नया नाम
CHANDRAKALA BAIRAGI W/O BADRI DAS
R/O 24, GOTAM NAGAR, MANDSAUR

## SMRITI NAGRIK SAHAKARI BANK MYDT. MANDSAUR

REF. 13,14 Station Road, Mds/20277-428(1001)/2021/ Date: 19.05.2025

### SALE NOTICE Latter No.

(Regd. Post with A/D)

To,
1. Mr. Kamlesh Bhati S/o Radheshyam Bhati (Borrower)
2. Mrs. Sapna Bhati W/o kamlesh Bhati (Co- Borrower & Mortgager)
3. Mr. Chandrashekhar Ahirwar S/o Jawarhlal Ahirwar (Guarantor)
4. Mr. Roshanlal Sharma S/o Mohanlal Sharma (Guarantor)

Dear Sir,
Sub:
Dear Sir,

Sub: Notice for Sale under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 &Security Interest(Enforcement) Rules, 2002.

Whereas,

the Authorised officer had taken possession of the below mentioned properties on…16-04-2025…as per Sec 13 (4) of the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of security Interest Act, 2002 (hereinafter called the Act) which has been offered as security by you towards your/borrower's liabilities amounting to Rs… Rs. 13,74,671/- (Rs. Thirteen Lakh Seventy Four Thousand Six Hundred Seventy One Only) as on…16-04-2025.

Whereas you have failed to satisfy your/borrower's liabilities to the bank even after receipt of notice under Section 13 (2) and section 13 (4) of the Act. Therefore the Bank in exercise of its rights granted under the Act and Rules, issues this notice under Rule 6 (2) (movables) and Rule 8 (6) (immovable) of the Security Interest (Enforcement ) Rules, 2002, calling upon you to discharge in full liabilities amounting to Rs (in words) as on with further interest, costs and charges, within 30 days from the date of this notice, failing which, the bank shall proceed under the Act with the sale of the secured properties to realize the above stated out standings, with interest and costs.

DETAILS OF SALE

| | |
|---|---|
| Date and time of Auction | 20-06-2025 |
| Reserve Price | 20,47,000 /- |
| Earnest Money Deposit | Rs.10000/- to be Deposited with bank by D.D/P.O. (in favour of bank) before taking part in Bidding. |
| Place of Auction | SMRITI NAGRIK SAHAKARI BANK MARYADIT 13,14 STATION ROAD, MANDSAUR Pin Code – 458001 |

Description of immovable Property
SCHEDULE OF PROPERTY

Place: Westerne part of Plot No. 405 Abhinandan Extension No .1 Vill: Tigriya Mandsaur, Dist. Mandsaur (M.P.)
BOUNDRY
On the East by :- House built on part of Plot No. 405
On the West by :- House built on part of Plot No. 406
On the North by : - Plot No. 384
On the South by :- Colony Road
MEASUREEMNT: - 500 Sq Ft/ 46.45 Sq. Mtrs
PROPERTY OWNED BY - Mrs. Sapna Bhati w/o Kamlesh Bhati (Co- borrower & Mortgager)
Place: Mandsaur Authorised Officer

SMRITI NAGRIK SAHAKARI BANK MYDT.

## कार्यालय नगर परिषद सुवासरा जिला मन्दसौर (म.प्र.)

क्रमांक-1071/2025 — सुवासरा दिनांक 07/05/2025

### ✻ षष्ट दुकान आवंटन ऑनलाईन ऑफर आमंत्रण सूचना ✻

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सुवासरा द्वारा वार्ड क्रमांक 03 में नया बस स्टेण्ड स्थित 13 दुकानों का आवंटन निर्धारित शर्तों एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति अंतरण) नियम 2018 एवं संशोधित नियम दिनांक 12 मई 2021 के अंतर्गत सार्वजनिक निविदा द्वारा प्रिमियम के उच्चतम ऑफर प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को (राईट ऑफ आक्युपेशन) के आधार पर 30 वर्ष की अवधि के लिये आवंटित किया जाना है। म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति अंतरण) नियम 2018 एवं संशोधित नियम दिनांक 28 मार्च 2023 के अंतर्गत वर्णित प्रावधान अनुसार सक्षम स्वीकृती उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी। उक्त दुकानों हेतु आवेदन फार्म ऑनलाईन रु. 2000/-जमा कराये जाकर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रकिया में ही अन्य (मैकेनिक, मांस, मछली, मदिरा विक्रेताओं को छोडकर) दुकानवार भाग ले सकेंगे। आरक्षण में नियमानुसार प्रावधान किया गया है। विवरण निम्नानुसार है-**

| ऑनलाईन आफर क्रं. | दुकान क्रं. | प्रति दुकान आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | आरक्षण वर्ग | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि. | अनारक्षित (महिला) | विकलांग | अनारक्षित |
| 2025_UAD_422310_1 | 09 | 1200000/- | 50000/- | -- | --- | -- | 24 | -- | 09, 14, 15, |
| 2025_UAD_422315_1 | 14 | 1200000/- | 50000/- | | | | | | 18, 19, 26, |
| 2025_UAD_422316_1 | 15 | 1200000/- | 50000/- | | | | | | 27, 28, 32, |
| 2025_UAD_422322_1 | 18 | 1200000/- | 50000/- | | | | | | 33, 35, 37 |
| 2025_UAD_422333_1 | 19 | 1200000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422335_1 | 24 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422343_1 | 26 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422374_1 | 27 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422378_1 | 28 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422385_1 | 32 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422390_1 | 33 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422397_1 | 35 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |
| 2025_UAD_422399_1 | 37 | 1000000/- | 50000/- | | | | | | |

नगर परिषद का कर प्रीमियम किराया या अन्य बकायादार दुकान निविदा/नीलामी में भाग नहीं ले सकेंगे। दुकान की निविदा/नीलामी में अधिकतम बोली के बोलीदार को बोली राशि की 50 प्रतिशत राशि 21 दिवस के भीतर एवं शेष 50 प्रतिशत राशि 120 दिवस के भीतर सक्षम स्वीकृति उपरांत अनुबंध पत्र के साथ जमा कराना अनिवार्य होगा। फायनेंशियल बिड में अधिकतम प्राप्त बोली से ही निलामी प्रक्रिया प्रारंभ होगी एवं हर बोली का न्युनतम अंतर 10000/- रहेगा। अनुबंध का विधिवत पंजीयन उपरांत ही दुकान का आधिपत्य सौंपा जावेगा। आरक्षित दुकानों के लिये संबंधित व्यक्ति के द्वारा सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नीलामी से संबंधित शर्त एवं आरक्षण तथा अन्य जानकारी नगर परिषद की राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

नोट-1. इच्छुक व्यक्ति विस्तृत शर्ते वेंबसाईट http://mptenders.gov.in पर भी देख सकते है।

2. ऑनलाईन ऑफर क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30/05/2025 को सांय 17:30 बजे तक एवं ऑनलाईन निलामी बोली की तिथि 02/06/2025 समय दोपहर 15:00 बजे से साय 17:00 बजे के मध्य रहेगी।

3. यदि ऑफर में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह वेबसाईट पर ही प्रदर्शित होगा, जिसका अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद सुवासरा**






## ✻✻ जाहिर सूचना ✻✻

AJAY SENDHAV ADVOCATE

**सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुमेर सिंह राजपुत पिता श्री भोपाल सिंह, निवासी ग्राम हिंगोरिया छोटा, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) के द्वारा उनके मालिकी, आधिपत्य एवं कब्जे की सम्पत्ति जो की सर्वे क्रमांक-42, मकान/भूखंड क्रमांक-04, ग्राम हिंगोरिया छोटा, ग्राम पंचायत हिंगोरिया छोटा, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) प.ह. क्रमांक-118, जिसका कुल क्षेत्रफल- 1194.36 Sq. Ft (111 Sq. Mtr.) है उस पर अपनी पत्नी श्रीमती उमा कुंवर बाई पति श्री सुमेर सिंह राजपुत, निवासी ग्राम हिंगोरिया छोटा, तहसील मन्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) को सह स्वामी बनाया गया है, जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-REGISTERED CO-OWNERSHIP DEED) क्रमांक - MP15IGR17852025A100281274, दिनांक 06.05.2025, है, तथा उक्त संपति को मॉर्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORATION LIMITED) ने लोन लिया जा रहा है।**

**यह की उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहीर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करे, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।**

देवास — अजय संधव, एडवोकेट
दिनांक-19.05.2025 — 12, चामुण्डा काम्पलेक्स, देवास (म.प्र.)

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in